मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 44 | अंक : 111 | सोमवार, 14 जुलाई 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

सैफ के बाद करीना पर भी हुआ था हमला

# अंबरनाथ में दिनदहाड़े डकैती से दहशत

- महिला समेत 2 को घायल किया
- 7 लाख 87 हजार की डकैती

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर पूर्व शिवगंगा नगर के एक फ्लैट में दिनदहाड़े डकैती से खलबली मच गई है. एक अज्ञात डकैत ने घर में रखा सोना, रकम चोरी करके घरेलू महिला एवं एक मूक बधिर को मारकर गंभीर घायल करके बाग गया है. कुल 7 लाख 87 हजार की लूट की वारदात हुई है. ये घटना 12 जुलाई की शाम में 6.30 बजे हुई है. फ्लैट निवासी घायल महिला रुचि राजेश गायकवाड़ (32) ने शिवाजी नगर पुलिस में अपराध दर्ज कराया है. एक कुख्यात डकैत जिसकी आयु 30 से 35 वर्ष की होगी काले रंग का रेनकोट पहने हाथ में बैग लिए चेहरे को छुपाने के लिए सर पर हेल्मेट डाले हुए उनके फ्लैट में दाखिल हुआ. उस समय वह उसका देवर गणेश गायकवाड़ एवं लड़की विधि घर में थे. उसने कपाट में रखे सोने के आभूषण एवं नकद निकाले और जाने लगा तो उनके मूक बधिर देवर एवं उन्होंने प्रतिकार किया, तो अज्ञात डकैत ने उनके देवर के सर पर हथौड़ा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और रुचि को घर में रखे कांच के गिलास से सर पर दे मारा, जिसके कारण वह भी घायल हो गई है. इसके बाद भी दोनों ने डकैत को पकड़ने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन वह उन्हें झटका देकर भाग खड़ा हुआ. ये घटना शिवगंगा नगर में शिव श्रद्धा अपार्टमेंट में तीसरी मंजिल पर हुई है. पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के कलम अनुसार अपराध दर्ज करके किया गया है.

## डकैत को क्राइम ब्रांच ने 12 घंटे में किया गिरफ्तार



अंबरनाथ पूर्व के फ्लैट में डकैती डालने वाले कुख्यात डकैत को उल्हासनगर-4 क्राइम ब्रांच ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है. डकैत रविराज कसबे को पनवेल से गिरफ्तार करके आगे की जांच के लिए शिवाजी नगर पुलिस के हवाले किया गया है. ऐसी जानकारी हमें पुलिस निरीक्षक क्राइम ब्रांच घटक 4 के गोसावी ने दी है. उसके पास से एक वाहन भी बरामद किया गया है. क्राइम ब्रांच ने 12 घंटे के भीतर इस कुख्यात डकैत को पनवेल के आकुर्ली गांव से पकड़ा है. डकैत को 12 घंटे में गिरफ्तार किए जाने पर क्राइम ब्रांच घटक 4 की प्रशंसा की जा रही है. शिवाजी नगर पुलिस डकैत रविराज अभिमान कसबे (37) से अधिक पूछताछ कर रही है.

# 'वोटिंग मशीनें तैयार रखी जाएं'



- राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे ने दिए आदेश
- स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 1 जुलाई तक की मतदाता सूची मान्य





**मुंबई.** राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने निर्देश दिया है कि आगामी मनपा चुनावों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का निरीक्षण कर उन्हें मतदान के लिए तैयार किया जाए। जिन लोगों के नाम 1 जुलाई, 2025 तक मतदाता सूची में हैं, वे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों जैसे मनपा, जिला परिषद आदि में मतदान कर सकेंगे। इसी के तहत, राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने गुरुवार को 1 जुलाई तक अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची को ध्यान में रखते हुए, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों, वोटिंग मशीनों और उपलब्ध मैनपावर को ध्यान में रखते हुए चुनाव की योजना बनाने के आदेश दिए।

वाघमारे ने जिला परिषदों, पंचायत समितियों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के आगामी चुनावों की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस अवसर पर आयोग के सचिव सुरेश काकानी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अलग से मतदाता सूची तैयार नहीं की जाती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची का उपयोग किया जाता है। 1 जुलाई तक पंजीकृत नामों की सूची की उपलब्धता के संबंध में चुनाव आयोग के साथ प्रारंभिक चर्चा की गई है। स्थानीय निकाय चुनाव बहु-सदस्यीय प्रणाली में होते हैं। इसलिए, इस चुनाव में विधानसभा चुनाव की तुलना में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने एक अलग आदेश जारी कर मतदान केंद्रों के निर्धारण के मानदंड तय किए हैं। सामान्य मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी घटकों को



ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर सुविधाएँ प्रदान करने का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि उपलब्ध मतदान मशीनों की सटीक समीक्षा की जाए।

काकानी ने आदेश दिया कि मतदान मशीनों का प्रथम-स्तरीय निरीक्षण तुरंत किया जाए और उन्हें चुनाव के लिए तैयार किया जाए। मतदान केंद्र के स्थान, मतदान केंद्र भवनों की स्थिति और वहाँ उपलब्ध सभी सुविधाओं के संबंध में अभी से तैयारी की जाए; और समय-समय पर मैन पावर की उपलब्धता या कमी के संबंध में समीक्षा की जाए। आवश्यकतानुसार समय पर मैन पावर उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस दौरान संबंधित संभागीय आयुक्तों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी दिए गए।

# मनपा का खड़ी से सड़कों के गड्ढे भरने का खतरनाक प्रयोग

- सड़कों पर खड़ी डालने से नागरिकों की जान जोखिम में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर निवासियों ने शहर के फ्लाईओवर पर गड्ढों को भरने के लिए मनपा द्वारा किए गए 'अस्थायी समाधान' पर अपना गुस्सा व्यक्त किया है। राजश्री शाहू महाराज फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में गड्ढे हैं और लोक निर्माण विभाग ने केवल खड़ी और पत्थर डालकर गड्ढों को भरने का एक खराब प्रयास किया है। परिणामस्वरूप, वाहन चालकों को गड्ढों की अपेक्षा गड्ढों में पड़े ढीले पत्थरों से अधिक परेशानी होती है, जिससे दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है।

यह हमेशा से माना जाता रहा है कि बारिश का मौसम शुरू होते ही उल्हासनगर में गड्ढे हो जाएंगे। हर साल अरबों रुपये सड़क मरम्मत पर खर्च किया जा रहा है, फिर भी इसका कोई वास्तविक प्रभाव नहीं है। महानगर पालिका और ठेकेदारों द्वारा हर बार किए गए काम की घटिया गुणवत्ता के कारण पहली बारिश में ही सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं. गड्ढों को भरने के नाम पर फ्लाईओवर पर खड़ी डाल दी जाती है, जो कुछ ही घंटों में उड़ जाती है और फिर से गड्ढे बन जाते हैं।

इस वर्ष शहर की भूमिगत सीवर परियोजना पर काम कर रही ईगल कंपनी ने सभी क्षेत्रों में सड़कें खोद दीं। हालांकि, खोदी गई सड़कों को नियमों के अनुसार अच्छी स्थिति में लाने की अपेक्षा की गई थी, लेकिन जानबूझकर इसकी अनदेखी की गई। इसके अलावा, मनपा ने फ्लाईओवर के गड्ढों को केवल बजरी से भरकर नागरिकों की सुरक्षा का मजाक उड़ाया है।

## मनसे ने दी आंदोलन की चेतावनी

मनसे जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने ठेकेदारों की मनमानी कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि गड्ढों को भरते समय केवल खड़ी डालना नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उल्हासनगर में राजश्री शाहू महाराज फ्लाईओवर पर केवल खड़ी डालकर गड्ढों को भरा जा रहा है। यह सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन का यह लापरवाह और असंवेदनशील व्यवहार नागरिकों के धैर्य की परीक्षा है। गड्ढे भरने के नाम पर फ्लाईओवर पर डाली गई खड़ी को हटाकर दुर्घटनाओं को न्योता दिया जा रहा है। यदि इस पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो हम सड़कों पर उतरेंगे और कड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# छाया अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य





- पूर्व नगरसेवक का अचानक दौरा

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना के पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंखे ने रविवार की सुबह शासकीय छाया अस्पताल का अचानक दौरा किया तो उन्होंने देखा कि अस्पताल में अस्वच्छता है. अनेक जगह पर कचरा है. अस्वच्छता दिखाई दी, शौचालय, बाथरूम में स्वच्छता नहीं थी, लाइट चालू नहीं है. उन्होंने अस्पताल में दाखिल पुरुष और महिला वार्ड के मरीजों से भी बातचीत की तो मरीजों ने उन्हें अनेक शिकायतें की हैं. कई दिनों से बेडशीट बदली नहीं गई है. नियमित साफ सफाई नहीं की जाती है. उन्होंने अस्पताल में गंदगी फैली हुई देखी, ड्यूटी पर वैद्यकीय अधिकारी डॉ. मगरे उपस्थित थे. उन्होंने मोबाइल फोन पर विधायक किणीकर से इस बात की शिकायत की है. विदित हो कि पिछले दिनों पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर की शिकायत पर सिविल सर्जन ठाणे ने छाया अस्पताल का दौरा करके डॉक्टरों को नसीहत की थी कि साफ सफाई का ध्यान रखें. उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द नए बेडशीट भी अस्पताल को दिए जाएंगे.

## पंखे को आयवी स्टैंड से चालू करने का प्रयास

सुभाष सालुंखे ने दौरे के समय ये देखा गया कि महिला वार्ड में एक छत का पंखा बंद है. उसे आय.वी. स्टैंड से एक व्यक्ति ने उसे घुमाकर चालू करने का दो बार प्रयास किया, लेकिन पंखा चालू नहीं हुआ.

# गणेशोत्सव के दौरान सामाजिक संदेश देने वाले मंडलों का सम्मान

## 'तरुण मित्र मंडल, कृष्णानगर' को मिला प्रथम क्रमांक



**उल्हासनगर.** गणेशोत्सव उत्सव मनाते हुए न केवल धार्मिकता बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता, शांति और अनुशासन का संदेश फैलाने वाले मंडलों को सम्मानित करने के लिए विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन द्वारा आयोजित 'गणेशोत्सव प्रतियोगिता 2024' का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

त्योहारों के दौरान सामाजिक प्रतिबद्धता, अनुशासन, शांति और व्यवस्था का उदाहरण पेश करने वाले गणेशोत्सव मंडलों को सम्मानित करने के लिए विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन द्वारा आयोजित 'गणेशोत्सव प्रतियोगिता 2024' का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

यह प्रतियोगिता ठाणे पुलिस आयुक्तालय के मार्गदर्शन में जोन-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और उल्हासनगर विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर सहायक पुलिस निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी, मंगेश नवाडे, यशवंत जाधव और प्रो. परीक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रकाश माली, प्रकाश (अन्ना) देशमुख, रोहिदास भोईर और विनोद भोईर उपस्थित थे।

## विजेता टीमों को दिए गए प्रमाण पत्र व पदक

प्रतियोगिता में गणेशोत्सव मंडलों ने सजावट, अनुशासन, स्वच्छता, सामाजिक गतिविधियों और शांति के मामले में उत्कृष्ट योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान तरूण मित्र मंडल, कृष्णानगर, दूसरा स्थान हनुमान व्यवस्थापक मंडल, कुर्ला कैंप और तीसरा स्थान शिवनेरी मित्र मंडल, गणपत नगर को मिला। पुरस्कार विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, परीक्षक के रूप में योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। यह पहल प्रेरणादायक रही है, पुलिस और नागरिकों के बीच संबंधों को मजबूत कर रही है, समाज में शांति का संदेश फैला रही है और समूहों को एक आदर्श गणेशोत्सव मनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस का भय दिखाकर 2 करोड़ की ठगी



**बदलापुर.** बदलापुर में एक बुजुर्ग व्यक्ति को मनी लान्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का भय दिखाकर 2 करोड़ रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है. इस मामले में बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में पाँच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त 68 वर्षीय यह व्यक्ति बदलापुर पूर्व इलाके में रहता है। राजेश शर्मा ने उन्हें फोन करके बताया कि उनके नाम पर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उत्पीड़न की कई शिकायतें मिली हैं। जब वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि यह नंबर मेरा नहीं है, तो शर्मा ने कहा कि यह नंबर उनके नाम पर लिया गया है। उन्होंने तुरंत उन्हें मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन से संपर्क करने के लिए कहा। लेकिन चूँकि वह उस समय बाहर थे, इसलिए वे पुलिस स्टेशन नहीं जा सके।

बाद में, शर्मा ने कहा कि उस पर 24 घंटे नज़र रखी जा रही है। उस समय, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बाहर थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आरोपी, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था, से मुंबई जाने की अनुमति ली और बदलापुर स्थित उसके घर आ गया। आरोपी ने उसे वापस बुलाया और कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उसने यह भी कहा कि उसे हिरासत में लिए बिना पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी कर ली जाएगी। उसने यह भी धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे हिरासत में ले लिया जाएगा और ऑनलाइन ही उससे पैसे ऐंठने लगा। उनसे 2 करोड़ रुपये लेने के बाद, आरोपी ने वीडियो कॉल के ज़रिए कहा कि उन्हें और उनकी पत्नी को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है और 48 घंटों के भीतर पैसे खाते में जमा कर दिए जाएँगे। हालाँकि, बुजुर्ग को पैसे नहीं मिले। साथ ही, आरोपी के फ़ोन भी नहीं लगे। ठगी का एहसास होने पर, बुजुर्ग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस बुजुर्ग ने अपनी बैंक जमा राशि तोड़ दी। उन्होंने म्यूचुअल फ़ंड में जमा राशि, पोस्ट ऑफ़िस में निवेश किया हुआ पैसा निकाल लिया। उन्होंने सोने पर लोन भी लिया, सोसाइटी के पास अपना घर गिरवी रखा और उस पर कुछ लाख रुपये का लोन लिया।

## कल्याण स्टेशन पर गांजा तस्कर गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण स्टेशन पर पेट्रोलिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के जवानों ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है. उसके पास से साढ़े आठ किलो गांजा बरामद किया गया है. उत्तर प्रदेश के फूलपूर का रहने वाला सिराज खान ट्रेन से उतर कर स्टेशन से बाहर जाने वाले पुल पर से गुजर रहा था. उसके हाथ में एक बड़ा बैग था. सीपीडीएस की टीम ने जब बैग की तलाशी ली तब उसमें बड़ी मात्रा मे गांजा बरामद हुआ. आरपीएफ के सीपीडीएस टीम के मुताबिक सिराज के पास साडेआठ किलो के आसपास गांजा बरामद हुआ है.

# बारवी डैम में पानी बहुत, तो नल सूखे क्यों?

- अंबरनाथ में पानी के लिए हाहाकार
- 3-3 दिन दिन नल सूखे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर की बढ़ती जनसंख्या, नई बन रही इमारतें, जूने पाइप लाइन में से पानी लीकेज, पानी चोरी एवं मजीप्रा का सही नियोजन नहीं इन मुख्य कारणों से शहर को जलापूर्ति नहीं होने से डैम में भरपूर पानी होने के बावजूद शहर में दो से तीन दिन तक लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. नल सूखे पड़े हुए हैं. अंबरनाथ में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण इमारत निवासी टैंकर से पानी खरीद रहे हैं और पानी जार पैसे देकर ला रहे हैं और अपनी प्यास बुझा रहे हैं.

शहर में जनसंख्या की तुलना में रोजाना प्रति व्यक्ति 135 लीटर जलापूर्ति आवश्यक होते हुए भी दो से तीन दिन में एक बार 90 लीटर पानी प्रति व्यक्ति को दिया जा रहा है. शहर पश्चिम के वुलन चाल, चिंचपाड़ा, बुवापाड़ा व अन्य परिसर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. प्रशासन एवं मजीप्रा द्वारा केवल स्कीम बनाकर घोषणा की जा रही है कि जल्द ही पानी की समस्या दूर कर ली जाएगी. ये सुन-सुन कर शहरवासियों के कान पक गए हैं.

बारवी डैम में 73 प्रतिशत पानी रविवार तक एकत्रित हो गया है. ऐसी जानकारी बारवी डैम के इंजीनियर ने पत्रकारों को दी है. गत वर्ष इसी दिन 33 प्रतिशत पानी डैम में था. डैम का ओवरफ्लो लेवर 72.60 मीटर है. आज इस डैम में 69.20 मीटर पानी भर गया है. पानी का स्टोरेज 247.03 एमसीएम है. बारवी डैम में 340 एमसीएम पानी एकत्रित होकर ओवर फ्लो होता है. बारवी डैम में इतना पानी होते हुए भी पानी के लिए लोग क्यों तरस रहे हैं. ऐसा प्रश्न प्रशासन एवं नेताओं से लोग कर रहे हैं.

# वसंत वैली में लगी भीषण आग लगी

- निर्माणाधीन इमारत के गोदाम में लगी आग
- सौभाग्यवश किसी के हताहत होने की सूचना नहीं



**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के वसंत वैली क्षेत्र में आधी रात को भीषण आग लग गई। डी मार्ट के बगल में निर्माणाधीन एक इमारत के गोदाम में आग लग गई। दिलचस्प बात यह है कि इस गोदाम में बड़ी संख्या में रासायनिक ड्रम रखे हुए थे। आग लगते ही जोरदार विस्फोट हुआ और आग ने भीषण रूप धारण कर लिया।

गोदाम में ज्वलनशील रसायनों के ड्रम होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग की तीव्रता के कारण पूरे क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। आग की सूचना मिलने पर कल्याण डोंबिवली मनपा की दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस प्रशासन भी उनके साथ घटनास्थल पर पहुंचा। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग से पड़ोसी इमारतों को भी खतरा पैदा हो गया था, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लेने के कारण उन्हें बचा लिया गया।

खड़कपाड़ा पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमरनाथ वाघमोड़े ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा किया और गोदाम चलाने में शामिल लोगों की जांच शुरू कर दी है। सौभाग्य से, आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रात का समय होने के कारण गोदाम में काम करने वाले श्रमिक मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# उल्हासनगर मनपा की लापरवाही के कारण म्हारल गांव में बाढ़



**कल्याण.** कल्याण तालुका के म्हारल गांव में हर साल मानसून के मौसम में बाढ़ आती है, और इसका मुख्य कारण उल्हासनगर महानगर पालिका की सीमाओं से गुजरने वाला संकरा नाला है। इसके कारण सूर्यनगर और म्हारल सोसायटी के बीच के पूरे क्षेत्र में 400 से 500 घरों में पानी घुस रहा है, जिससे नागरिकों की नींद उड़ गई है.

गांव से होकर बहने वाला 10 से 12 फुट चौड़ा नाला उल्हासनगर पहुंचने पर एल आकार का नाला बन जाता है, जो केवल 2 से 2.5 फुट चौड़ा होता है, जिससे यह भारी वर्षा के पानी को बहा पाने में असमर्थ हो जाता है। परिणामस्वरूप, पानी रुक जाता है और पूरी बस्ती जलमग्न हो जाती है। शिवाजी नगर, राउत बस्ती, प्रीति अकादमी और म्हारल सोसायटी जैसे कई इलाकों को हर साल इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

म्हारल ग्राम पंचायत के सदस्य और शिवसेना (उबाठा) पार्टी के म्हारल नगर प्रमुख प्रकाश चौधरी ने इस मुद्दे को लेकर संबंधित मनपा अधिकारियों को कई बार ज्ञापन सौंपे और बैठकें कीं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस बीच, जलभराव के कारण कल्याण-मुरबाड राजमार्ग पर भी यातायात ठप हो गया। इसके कारण इस सड़क का उपयोग करने वाले हजारों वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## हर छठा इंसान अकेला है

संवाद के कई माध्यम सामने आने के बाद उम्मीद थी कि मनुष्य अब अकेलापन महसूस नहीं करेगा। रिश्तों का ताना-बाना और मजबूत होगा। मगर ऐसा हुआ नहीं। मनुष्य खुद में सिमट कर रह गया। आसपास की भीड़ और आभासी दुनिया में बने सैकड़ों दोस्तों के बीच भी इंसान अकेला है, तो यह समझने की जरूरत है कि इसकी वजह क्या है। यह दुखद है कि हम न अब किसी का दुख सुनना चाहते हैं और न अपनी कोई पीड़ा किसी से साझा करना चाहते हैं।

ऐसे में जाने कितने शब्द अनसुने रह जाते हैं। तब अकेलापन एक ऐसा कड़वा अनुभव बन जाता है, जिसे एक समय के बाद मनुष्य धीरे-धीरे जीने लगता है और परिवार एवं समाज से कट जाता है। फिर वह ऐसी दिशा में चला जाता है, जहां से उसके लिए लौटना मुश्किल होता है। आज दुनिया का हर छठा इंसान इसी अकेलेपन का शिकार है। चिंता की बात यह है कि लाखों जिंदगियां इसके अंधकार में गुम हो जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल की रपट के मुताबिक, अकेलापन हर वर्ष आठ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है।

यह कड़वी सच्चाई है कि लोग समाज से ही नहीं, घर-परिवार से भी कट गए हैं। आसपास क्या चल रहा, यह भी उन्हें पता नहीं होता। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अकेलापन सभी लोगों को प्रभावित कर रहा है। मगर सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। यह सच है कि हर किसी के जीवन में चुनौतियां पहले से कहीं अधिक बढ़ी हैं। कामकाज के दबाव के बीच व्यस्तता ने उन्हें थका दिया है। रिश्तों में जटिलताएं भी आई हैं। सोशल मीडिया के मंचों पर किसी के हजारों मित्र हो सकते हैं, लेकिन असल जिंदगी में किसी एक भरोसे के दोस्त को ढूंढना मुश्किल हो जाता है।

नतीजा यह कि अब ज्यादातर लोगों के मन में क्रोध, दुख और ईर्ष्या की भारी गठरी है। वे कभी इसकी गांठें खोल नहीं पाते। इसके साथ ही कई लोग अपनी महत्त्वाकांक्षाओं और नाकामियों के बोझ तले दब कर और भी अकेले पड़ते जाते हैं। ऐसे में सामाजिक जुड़ाव ही समस्या का हल है। यदि संवाद होगा, तो राहें भी निकलेंगी। अकेलापन भी दूर होगा। अनसुने शब्दों की चीख गुम नहीं होगी।

# मतदाता सूची के सत्यापन पर व्यर्थ का शोर

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के पहले चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के सत्यापन अर्थात पुनरीक्षण की जो पहल की, उस पर कांग्रेस, राजद समेत अनेक विपक्षी दलों ने आसमान सिर पर उठा लिया। इन दलों ने यह बताने की कोशिश की कि चुनाव आयोग कोई अनुचित, अनावश्यक और असंवैधानिक काम कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग के साथ मोदी सरकार पर भी तमाम आरोप लगाए। उनके हिसाब से चुनाव आयोग मतदाता सूची का सत्यापन मोदी सरकार के कहने पर कर रहा है और उसका इरादा किसी न किसी प्रकार भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाना है।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की इस पहल को महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में हुई तथाकथित हेराफेरी से भी जोड़ा। वह बार-बार यह घिसा-पिटा आरोप दोहरा रहे हैं कि महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली करवाई। इन आरोपों का चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया है, लेकिन राहुल गांधी और उनके साथ कई विपक्षी नेता सच का सामना करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। साफ है कि उनके साथ कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं कि उनकी राजनीतिक जमीन कमजोर हो रही है और इसके लिए वे चुनाव आयोग पर दोष मढ़कर कुछ हासिल नहीं कर सकते।

मतदाता सूची का सत्यापन कोई नई बात नहीं है। बिहार में ही इसके पहले 2003 में मतदाता सूची का सत्यापन हुआ था। अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी मतदाता बढ़े हैं।



बिहार के लाखों लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर जाते हैं और कुछ तो वहीं स्थाई रूप से बस जाते हैं। इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ-साथ झारखंड और बिहार भी प्रभावित हैं। मतदाता सूची के सत्यापन से न केवल बिहार के वैध-वास्तविक मतदाताओं का पता चलेगा, बल्कि इसकी भी जानकारी हो सकेगी कि कहीं अवैध बांग्लादेशी बिहार में मतदाता तो नहीं बन गए हैं? आखिर जब वे बंगाल में बन सकते हैं तो बिहार में भी इसकी आशंका है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची का सत्यापन निष्पक्ष चुनाव की बुनियादी शर्त है। यदि समय-समय पर इसकी पड़ताल की जाती रहे कि वास्तविक मतदाता कौन हैं और वे कहां रह रहे हैं तो इसमें क्या हर्ज है? शायद ऐसे ही जायज सवालों के कारण चुनाव आयोग की पहल के खिलाफ जिन राजनीतिक दलों और लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की पहल पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। इतना अवश्य रहा कि उसने चुनाव आयोग को मतदाताओं के सत्यापन के लिए आधार, राशन कार्ड, वोटर आइडी को भी इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

यह ठीक ही है कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर अमल करने को तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग का काम नागरिकता तय करना नहीं है। हालांकि चुनाव आयोग का इस संदर्भ में यह कहना था कि हर मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि नागरिकता तय करने का काम गृह मंत्रालय का है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही है। यह फैसला चुनाव आयोग की अनावश्यक आलोचना करने वालों को आईना दिखाने वाला है। उसने व्यर्थ की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने का ही काम किया। चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग पर सवाल पहले भी उठाए जाते रहे हैं। हाल के समय में सबसे ज्यादा सवाल ईवीएम पर उठे हैं। सवाल उठाने वाले दलों में कांग्रेस सबसे आगे है, जबकि उसके समय में ही ईवीएम पर अमल शुरू हुआ। केंद्र की सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस लगातार यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ईवीएम में कुछ गड़बड़ी कराकर चुनाव जीत रही है। वह और उसके सहयोगी राजनीतिक दल जब ऐसे आरोप लगाते हैं तो यह भूल जाते हैं कि वे भी तो चुनाव जीतते रहते हैं। उन्होंने झारखंड में चुनावी जीत हासिल की थी। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि उसके और सहयोगी दलों के प्रत्याशी जितने अंतर से चुनाव हारते हैं, उतनी संख्या में अवैध वोट नहीं डलवाए जा सकते।




सच्ची निष्काम सेवा, प्रेम की ही अभिव्यक्ति है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# उड़ान थी राधिका यादव की, पर रिश्ते को लगी चोट

एक विकासमान समाज तभी तक आगे का सफर जारी रख सकता है, जब वह बदलते वक्त के नए मूल्यों को आत्मसात करता है और अपने प्रगतिशील विवेक के साथ बदलाव में संतुलन कायम रखता है। विडंबना यह है कि कई बार समाज की नई पीढ़ी बदलाव में अपनी जगह बनाने के लिए वक्त की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश करती है, लेकिन उसके सामने तंगनजरी या संकीर्णताएं दीवार बन कर खड़ी हो जाती हैं। इस तरह की बाधाएं कई बार इतनी सख्त होती हैं कि उसमें मानवीय संवेदनाओं के लिए भी गुंजाइश नहीं बचती और अपने विवेक से अपना भविष्य बनाने या जीवन-मूल्य चुनने वाले किसी युवा को हिंसा के बल पर रोकना हल मान लिया जाता है।

दिल्ली से सटे गुरुग्राम में जिस तरह एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि आजादी के सात दशक बाद और विकास के तमाम आधुनिक मूल्यों के बीच समाज आखिर विरोधाभासों की कितनी परतों के बीच जीता है!

गौरतलब है कि गुरुग्राम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी रही एक लड़की की उसके पिता ने गुस्से में आकर गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, इसकी वजह यह थी कि बेटी



के एक टेनिस अकादमी चलाने की वजह से पिता को समाज में कुछ लोग अक्सर ताने मारते थे। किसी भी स्थिति में क्या यह इतनी बड़ी वजह हो सकती है कि इससे खफा होकर कोई पिता अपनी बेटी की जान तक ले ले? संभव है कि पिता ने अपनी बेटी के टेनिस खिलाड़ी बनने और संघर्ष करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के सफर में हरसंभव योगदान दिया होगा। मगर उसके लिए समाज के ताने इतने भारी क्यों हो गए कि वह उसी बेटी का दुश्मन हो गया?

आज मौका मिलने पर हर क्षेत्र में लड़कियों ने अपनी क्षमताएं साबित की हैं और यह किसी भी समाज के लिए एक स्वागतयोग्य तस्वीर है। लेकिन यह भी एक तकलीफदेह सच है कि इस समाज का ज्यादातर हिस्सा जिस जड़ता के मानस और पारंपरिक मूल्यों के दायरे में जीता है, उसके बीच एक लड़की का चारदीवारी से बाहर अपनी जगह बनाना, व्यक्तित्व का विकास करना बेहद जद्दोजहद से भरा सफर होता है। इसके बावजूद अगर कोई लड़की अपनी क्षमताओं के बूते आगे बढ़ती है, सार्वजनिक जीवन और गतिविधियों में सक्रिय दिखती है, तो इसे समाज की पितृसत्तात्मक दृष्टि अपने पारंपरिक मूल्यों के खिलाफ मानती है और उसे रोकने की हर कोशिश की जाती है।

गुरुग्राम में अपने पिता के हाथों जान गंवाने वाली बेटी भी दरअसल इन्हीं पितृसत्तात्मक और सामंती मूल्यों की शिकार हुई। एक ओर, टेनिस अकादमी चला कर अपने बूते खड़ा होने और सोशल मीडिया के मंचों पर अपनी मौजूदगी दर्ज करने वाली लड़की समाज की नजर में सहज स्वीकार्य नहीं हुई, तो दूसरी ओर कुछ लोगों की कुंठाओं से उपजे ताने से पिता इतना आहत हुआ कि उसने अपनी बेटी को ही मार डाला।

सवाल है कि पिता का अहं उसकी संवेदना पर भारी क्यों पड़ा! यह एक विचित्र विरोधाभासों के बीच जीते समाज की तस्वीर है, जिसमें लोग आधुनिक तकनीक और संसाधनों की सुख-सुविधाओं को हासिल करने की होड़ में तो लगे हैं, लेकिन सोच और मानसिकता के स्तर पर जड़ता से लैस ऐसी रूढ़ियों के वाहक भी हैं, जो उन्हें हिंसक भी बना देती है। ऐसी हिंसा तक ले जाने वाली कोई भी परंपरा या मानसिकता क्या किसी समाज के मानवीय मूल्यों को बचा सकेगी?

# 18 लाख में बिकी ये पासपोर्ट साइज फोटो!

**जरा हट के**

दुनिया में फैंस की कमी नहीं है. कोई क्रिकेटर्स का फैन है, कोई हीरो-हिरोइनों का फैन है तो कोई किसी और सेलिब्रिटी का. जाहिर है कि जब लोगों को उनके फेवरेट सेलेब्स से जुड़ी कोई चीज मिले, तो वो उसे हर स्थिति में खरीदना चाहेंगे, उनके अंदर एक अलग सा पागलपन देखने को मिलता है. ऐसा ही पागलपन तब देखने को मिला जब एक 2 इंच की फोटो नीलाम होने लगी. ये पासपोर्ट साइज फोटो 18 लाख रुपये में बिकी. पर सवाल ये उठता है कि आखिर इसमें ऐसी क्या खास बात है?

हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस मेरिलिन मुनरो और मशहूर बेसबॉल खिलाड़ी जो डिमैगियो की शादी और हनीमून से जुड़ी एक ऐतिहासिक फोटो इस हफ्ते अमेरिका में एक नीलामी में 21,655 डॉलर (लगभग 18 लाख रुपये) में बिकी. यह फोटो न केवल एक नायाब धरोहर है, बल्कि उस दौर की एक रोमांचक



कहानी भी अपने साथ लेकर आई है. यह छोटी-सी पासपोर्ट फोटो मात्र 2.25 x 2.75 इंच का है, जिस पर लाल स्याही में लिखा है- मिस्टर बोल्ड्स को, धन्यवाद और मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, मेरिलिन मुनरो डिमैगियो). इसे बॉस्टन स्थित RR Auction ने नीलाम किया.

यह वाकया 29 जनवरी, 1954 का है, जब मेरिलिन मुनरो और जो डिमैगियो ने अपनी शादी के दो हफ्ते बाद सैन फ्रांसिस्को के एक संघीय कार्यालय में जापान में अपने हनीमून और व्यावसायिक दौरे के लिए पासपोर्ट बनवाने का निर्णय लिया. उस वक्त 27 वर्षीय मुनरो (जिनका असली नाम नॉर्मा जीन मोर्टेन्सन था) के पास पासपोर्ट फोटो नहीं थी. ऐसे में 40 वर्षीय जो डिमैगियो पास के एक आर्केड में चले गए और मुनरो की पहले से मौजूद एक तस्वीर से कई प्रतियां बनवाकर लौटे. उनमें से एक पर मुनरो ने हस्ताक्षर करके वह फोटो पासपोर्ट ऑफिसर हैरी ई. बोल्ड्स को दे दी. हालांकि, यह फोटो मुनरो के पासपोर्ट में शामिल नहीं हुई, लेकिन यह उसी दिन बनाई गई कॉपियों में से एक थी जिसे बाद में बोल्ड्स ने संजोकर रखा. अब दशकों बाद यह फोटो नीलामी में सामने आई है.

# वेजिटेबल चीला

**खाना-खजाना**

**सामग्री :**

- बेसनः 1 कप
- पानीः लगभग 1 से 1.5 कप
- बारीक कटी हुई सब्जियांः 1/2 कप
- हरी मिर्चः 1-2
- अदरकः 1 इंच टुकड़ा
- हल्दी पाउडरः 1/4 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडरः 1/2 चम्मच
- जीरा पाउडरः 1/2 चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- तेल/घीः चीला सेंकने के लिए

**विधि :**

सबसे पहले एक बड़े कटोरे में बेसन लें। धीरे-धीरे पानी डालते हुए लगातार फेंटते रहें ताकि कोई गांठ न पड़े। घोल न ज्यादा पतला हो और न ज्यादा गाढ़ा। यह ऐसा होना चाहिए कि कलछी से आसानी से गिर सके। अब इस बेसन के घोल में सारी बारीक कटी हुई सब्जियां (प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, गाजर, हरी धनिया), हरी मिर्च, कद्दूकस किया हुआ अदरक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। एक नॉन-स्टिक तवा या लोहे का तवा मध्यम आंच पर गरम करें। जब तवा गरम हो जाए तो उस पर थोड़ा सा तेल या घी डालकर फैलाएं। आप चाहें तो एक प्याज के टुकड़े से तवे को चिकना कर सकते हैं। कलछी से बेसन का घोल लें और गरम तवे के बीच में डालें। इसे धीरे-धीरे गोल आकार में फैलाएं, जैसे आप डोसा या पैनकेक फैलाते हैं। चीले के किनारों पर और थोड़ा बीच में तेल या घी डालें। मध्यम आंच पर इसे तब तक सेंकें



जब तक कि ऊपर की सतह सूखी न दिखने लगे और किनारे हल्के भूरे न हो जाएं। अब चीले को धीरे से पलटें और दूसरी तरफ से भी सुनहरा भूरा होने तक सेकें और दोनों तरफ से अच्छी तरह सिक जाने के बाद, चीले को तवे से उतार लें। इसी तरह बाकी घोल से भी चीले बना लें।

# बच्चे के दिमाग को तेज बनाने में 3 आदतों का है बड़ा हाथ!



क्या आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा सिर्फ पढ़ने में ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में अव्वल रहे? उसका दिमाग तेज चले, नई चीजें सीखने में उसकी रुचि बढ़े और वह समस्याओं को आसानी से हल कर पाए? अगर हां, तो आपको यह जानकर खुशी होगी कि इसमें आपकी कुछ आदतें बहुत बड़ा रोल निभा सकती हैं। जी हां, माता-पिता की कुछ खास आदतें बच्चों के दिमागी विकास को जबरदस्त बढ़ावा देती हैं। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो 3 आदतें और देखिए, क्या आप भी इनमें शामिल हैं?

## उनके सवालों को गंभीरता से लेना

बच्चे जिज्ञासु होते हैं। वे हर चीज के बारे में जानना चाहते हैं और लगातार सवाल पूछते रहते हैं- ₹यह क्या है?₹, ₹यह क्यों होता है?₹, ₹आप ऐसा क्यों कर रहे हो?₹। कई बार हम व्यस्तता या थकान के कारण उनके सवालों को टाल देते हैं या अधूरा जवाब देते हैं। लेकिन, यहीं हम गलती कर देते हैं!

जब भी बच्चा कोई सवाल पूछे, उसे गंभीरता से लें। भले ही सवाल कितना भी छोटा क्यों न हो, उसे आसान भाषा में समझाएं। अगर आपको जवाब नहीं पता, तो ईमानदारी से कहें, ₹मुझे अभी इसका जवाब नहीं पता, चलो मिलकर ढूंढते हैं!।। साथ में जवाब ढूंढना, उन्हें सिर्फ जानकारी ही नहीं देगा, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को भी मजेदार बना देगा। यह आदत बच्चों में जिज्ञासा और तार्किक सोच को बढ़ाती है।

## रोज उनसे बातचीत करना

आजकल गैजेट्स के दौर में परिवारों में बातचीत कम होती जा रही है, लेकिन बच्चों के दिमागी विकास के लिए रोज उनसे खुलकर बात करना बेहद जरूरी है। इसमें सिर्फ पढ़ाई की बातें नहीं, बल्कि उनके दिन भर की एक्टिविटीज, उनकी भावनाएं और उनके दोस्त भी शामिल होने चाहिए।

दिन का कुछ समय सिर्फ बच्चों के लिए निकालें। रात के खाने के वक्त या सोने से पहले उनसे पूछें, ₹आज तुम्हारा दिन कैसा रहा?₹, ₹स्कूल में क्या नया सीखा?₹, ₹तुम्हें आज सबसे अच्छा क्या लगा?₹। सिर्फ पूछें ही नहीं, उनकी बातों को ध्यान से सुनें भी। उन्हें अपनी बात पूरी कहने का मौका दें, भले ही वह आपको कितनी भी छोटी लगे। यह आदत बच्चों में भाषा कौशल, संवाद क्षमता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को मजबूत करती है। जब बच्चे अपनी बात खुलकर कह पाते हैं, तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

## खेल-कूद को बढ़ावा देना

आजकल माता-पिता अपने बच्चों को सिर्फ किताबों तक ही सीमित रखना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही दिमाग तेज होगा। जबकि, फिजिकल एक्टिविटीज और रचनात्मक खेल भी दिमाग के विकास के लिए उतने ही जरूरी हैं।

बच्चों को सिर्फ टीवी या मोबाइल पर चिपके रहने न दें। उन्हें बाहर खेलने-कूदने के लिए मोटिवेट करें। दौड़ना, कूदना, साइकिल चलाने जैसी एक्टिविटीज – उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ दिमागी फुर्ती को भी बढ़ाती हैं। इसके अलावा, उन्हें पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, बिल्डिंग ब्लॉक्स या पहेलियां सुलझाने जैसी क्रिएटिव चीजों में भी शामिल कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष** : नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन होगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा।

**वृषभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन** : मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**कर्क** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें। विवेक का प्रयोग करें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह** : नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**तुला** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी। किसी कार्य की चिंता रहेगी।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी।

**मकर** : कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कुंभ** : व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन** : नौकरी में रुतबा बढ़ेगा। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# यूरिक एसिड की समस्या?

- **उचित मात्रा में पानी पीना करें शुरू**
- **जल्द मिल सकती राहत**

आजकल की अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान सेहत पर भारी पड़ रहा है. तमाम ऐसी परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है जो शरीर के लिए घातक साबित हो सकती हैं. क्योंकि, इसका असर सीधे हमारे शरीर पर पड़ता है. सुबह से लेकर रात तक हम तरह-तरह के फास्ट फूड, तले-भुने खाने और प्रोटीन से भरपूर चीजें खाते हैं. इस बीच हम यह ध्यान नहीं रखते कि इसका असर हमारे शरीर पर कैसे पड़ेगा. इसी लापरवाही के चलते हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं, जिनमें से एक है 'यूरिक एसिड' का बढ़ना.

## यूरिक एसिड के संकेत

जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है तो जोड़ों में दर्द, सूजन, चलने में दिक्कत और शरीर में अकड़न आदि परेशानियां होती हैं. इन संकेतों की अनदेखी जीवन पर भारी पड़ सकती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस समस्या की





जड़ हमारे शरीर के पाचन और मेटाबॉलिज्म में होता है?

## शरीर में क्यों बढ़ता है यूरिक एसिड?

जब हम प्रोटीन से भरपूर चीजें खाते हैं, तो शरीर में प्यूरिन नाम का तत्व बनता है. अगर शरीर इसे सही से पचा नहीं पाता, तो यह यूरिक एसिड में बदल जाता है. अब अगर यह यूरिक एसिड समय रहते शरीर से बाहर न निकले, तो यह जोड़ों में जमा होकर दर्द और सूजन पैदा कर सकता है, या फिर किडनी में जाकर पथरी भी बना सकता है. इसका सबसे आसान, सस्ता और असरदार तरीका है 'पानी'.

## पानी यूरिक एसिड को कैसे करेगा कंट्रोल

पानी ही इस समस्या का सबसे बड़ा समाधान है. जैसे कोई झाड़ू घर की गंदगी साफ करता है, वैसे ही पानी शरीर में जमा जहर और बेकार तत्वों को बाहर निकालता है. जब आप पर्याप्त पानी पीते हैं, तो शरीर में बनने वाला यूरिक एसिड पेशाब के रास्ते बाहर चला जाता है. इससे शरीर साफ भी रहता है और जोड़ों पर इसका असर नहीं पड़ता. इसके अलावा, पानी पाचन क्रिया को भी बेहतर करता है, जिससे प्यूरिन ठीक से पचता है और यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने नहीं पाती.

अगर आप दिनभर कम पानी पीते हैं, तो शरीर में सूखापन बढ़ जाता है. इस वजह से किडनी ठीक से काम नहीं कर पाती और यूरिक एसिड धीरे-धीरे शरीर में जमा होने लगता है. इसलिए जिन लोगों को पहले से यूरिक एसिड की परेशानी है या जो प्रोटीन ज्यादा खाते हैं, उन्हें दिनभर में कम से कम 14 से 16 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए. इससे न सिर्फ यूरिक एसिड बाहर निकलता है, बल्कि जोड़ों में नमी बनी रहती है, जिससे सूजन और दर्द में भी राहत मिलती है.

# बारिश में इन सब्जियों का सेवन बिगाड़ सकता आपका स्वास्थ्य









बरसात में मशरूम, शिमला मिर्च, कटहल, ब्रोकली, बैंगन और हरी पत्तेदार सब्जियों से बचें, ये संक्रमण और त्वचा रोग का खतरा बढ़ा सकती हैं. पश्चिम चंपारण के आ य ु व र्े द ाच ार्य भुवनेश पांडे ने लोगों सो इन सब्जियों को न खाने की सलाह दी है. बरसात का मौसम कई स्वास्थ्य समस्याओं को अपने साथ लेकर आता है. खासकर जब बात खाने-पीने की होती है, तो इस मौसम में कई ऐसी सब्जियां मिलती हैं, जिनका सेवन संक्रमण के खतरे को कई गुना बढ़ा देती हैं. जिसकी वजह से शरीर में त्वचा रोग और पेट की समस्या सहित अन्य दर्जनों बीमारियां घर कर जाती हैं.

बकौल आयुर्वेदाचार्य, वैसे तो मशरूम नम वातावरण में उगते हैं, लेकिन बरसात में उनमें हानिकारक बैक्टीरिया और विषैले पदार्थों के समावेश की संभावना बढ़ जाती है. ऐसे में इनके सेवन से कई बार पेट संबंधी समस्याएं और संक्रमण के खतरे का मामला सामने आया है. साथ ही त्वचा रोग, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं भी देखने को मिली हैं.

बैंगन में एल्कलॉइड जैसे केमिकल पाए जाते हैं, इसलिए बरसात में बैंगन खाने से परहेज़ करना चाहिए. बरसात के मौसम में बैंगन में कीड़े होने के कारण एलर्जी की संभावना भी काफी बढ़ जाती है, जिससे त्वचा रोग सहित पाचन क्रिया से संबंधित कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं.

बरसात के मौसम में फूलगोभी और ब्रोकली जैसी सब्जियों का सेवन भी नहीं करना चाहिए. दरअसल, इस मौसम में इन सब्जियों में छोटे-छोटे सफेद रंग के कीड़े दिखने लगते हैं, जिन्हें निकालना बहुत मुश्किल होता है. ऐसे में इनका सेवन आपको पेट दर्द, गैस और डायरिया जैसी समस्याएं दे सकता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पानी के छींटे पड़ने पर खूनी संघर्ष, युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, तीन गिरफ्तार

**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शनिवार देर रात पानी का छींटा पड़ जाने के कारण हुए मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि एक युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। साथ ही नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ये घटना खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा मोड़ के पास का है। शेखपुर सुतौली गांव के रहने वाले जयनाथ का 35 साल का बेटा संतोष कुमार अपने छोटे भाई के साथ शनिवार की रात लगभग 8 बजे डीजल लेने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से खुटहन बाजार जा रहा था। उसी समय गौसपुर गांव के पास सड़क के किनारे खड़े होकर तीन लोग चंद्रभान यादव, शैलेश यादव व सुरेंद्र यादव के ऊपर मोटरसाइकिल से पानी का छींटा पड़ गया। इसी बात को लेकर तीनों ने बाइक सवार से गाली-गलौज कर दी। हालांकि बाद में संतोष बाइक लेकर वहां से चला गया। लेकिन जब वह डीजल लेकर वापस लौट रहा था तभी तीनों ने घेर कर उस पर कुल्हाड़ी और गडासी से हमला कर दिया।

### देवघर से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत, 4 की मौत; 2 घायल

**कुशीनगर.** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। बिहार के देवघर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी कार पटहेरवा क्षेत्र के बगही कुटी के पास फोरलेन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे के सभी मृतक सिद्धार्थनगर के रहने वाले थे। घायल भी सिद्धार्थनगर के ही निवासी हैं।

कुशीनगर के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बगहीकुटी के पास एक लग्जरी कार फोरलेन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। कार चालक राजेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे वे लोग घर के लिए झारखंड से निकले थे। वह लगातार गाड़ी चला रहा था। सुबह अचानक ट्रैक्टर ट्राली से कार की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी मृतक सिद्धार्थनगर के रहने वाले थे।

### नाबालिग छात्रा को अगवा कर गैंगरेप, धर्मांतरण की कोशिश, पुलिस ने बचाया

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र में छात्रा को अपहरण कर दुष्कर्म और धर्मांतरण के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीओ बिलारी अशोक कुमार सिंह के अनुसार, क्षेत्र की एक महिला ने 5 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी संभल के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। 4 जुलाई को सुबह छात्रा घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर बहजोई निवासी शाकिर, बरौली रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद समीर और पीपली गांव निवासी जैकी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होते ही मामले में जांच शुरू कर दी थी। पुलिस लड़की की तलाश में जुटी थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने किशोरी को बरामद कर लिया। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं। किशोरी के अनुसार, आरोपी उसे दिल्ली ले गए थे जहां उसके साथ जबरन गैंगरेप किया और धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया गया। पीड़िता ने जैकी के संबंध में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया, इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

# राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया




**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम, 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे हैं।

इनके अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। ये नियुक्तियां उन सीटों के लिए की गई हैं, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत, राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार है। ये सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए चुने जाते हैं। वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 245 है, जिसमें 233 निर्वाचित और 12 नामांकित सदस्य शामिल हैं।

### राज्यसभा संसद का उच्च सदन

भारत की संसद में दो सदन होते हैं- लोकसभा और राज्यसभा। राज्यसभा संसद का उच्च सदन होता है। इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और हर 2 साल में एक तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं।

संसद को दोनों सदनों का मुख्य काम विधान या कानून बनाना है। इसके लिए पहले विधेयक सदन में पेश किया जाता है। फिर इस पर चर्चा होती है, उसके बाद सभी की सहमति या वोटिंग कराकर इसे पारित कर दिया जाता है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये कानून बन जाता है।

# बिहार की वोटर लिस्ट में नेपाल-बांग्लादेश के लोग

- चुनाव आयोग के अफसरों के हवाले से खबर
- 1 अगस्त से जांच होगी




**पटना.** बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (EC) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं।

EC अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया, 'हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं।'

EC अफसरों के मुताबिक '1 अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितंबर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।'

वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इधर, चुनाव आयोग के खुलासे पर पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल और राजद सांसद मनोज झा ने सवाल उठाए हैं।

### कपिल सिब्बल बोले- EC केंद्र की कठपुतली

राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग हमेशा से मोदी सरकार की कठपुतली रहा है। बिहार में वोटर लिस्ट में किया जा रहा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) असंवैधानिक है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यक सरकारें सत्ता में बनी रहें। सिब्बल ने ये भी कहा कि हर चुनाव आयुक्त सरकार से तालमेल बैठाने में अपने पूर्ववर्ती से आगे निकल गया। नागरिकता का फैसला लेना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

### स्टंट करते वक्त मौके पर हुई आर्टिस्ट की दर्दनाक मौत

रविवार 13 जुलाई, 2025 का दिन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के लिए काफी बुरा साबित हुआ। रविवार की सुबह एक तरफ जहां जाने-माने तमिल एक्टर कोटा श्रीनिवास राव के निधन की खबर ने सभी को दुखी कर दिया। वहीं, अब एक और बुरी खबर सामने आ रही है। आर्या फिल्म की शूटिंग के दौरान स्टंट आर्टिस्ट की दर्दनाक मौत हो गई है। कॉलीवुड के मशहूर स्टंट आर्टिस्ट राजू की 13 जुलाई की सुबह आर्या फिल्म के सेट पर स्टंट करते हुए निधन हो गया है। तमिल एक्टर विशाल ने राजू के निधन की खबर को कंफर्म किया है। राजू का रविवार सुबह पा रंजीत द्वारा निर्देशित आर्या की फिल्म के सेट पर कार पलटने का स्टंट करते समय निधन हो गया।

# एक्सपर्ट बोले- पायलट ने जानबूझकर हादसा किया

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश**

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद 12 जुलाई को शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आई। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था।

टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने



जवाब दिया, नहीं।

एविएशन एक्सपर्ट कैप्टन मोहन रंगनाथन ने कहा कि रिपोर्ट देखकर लगता है कि हादसा जानबूझकर किया गया था। हालांकि, AAIB के पूर्व चीफ रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन अरबिंदो हांडा ने कहा- ज्यादातर मामलों में शुरुआती जांच फाइनल रिपोर्ट से अलग होती है।

### एक्सपर्ट बोले- फ्यूल स्विच को मैनुअली ही चेंज किया जा सकता

एविएशन एक्सपर्ट कैप्टन रंगनाथन ने NDTV से बातचीत में कहा कि ड्रीमलाइनर के इंजनों में फ्यूल सप्लाई को मैनुअली ही बंद किया जा सकता है। ईंधन बंद करने का और कोई तरीका नहीं है। यह काम हाथ से करना होगा। यह ऑटोमेटिक या पॉवर कट के कारण नहीं हो सकता।

फ्यूल स्विच को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि इन्हें बदलने के लिए स्लॉट से बाहर निकाला जाता है। यानी गलती या अनजाने में इन्हें बंद नहीं किया जा सकता।

### AAIB के पूर्व डायरेक्टर बोले- शुरुआती और अंतिम रिपोर्ट में अंतर होता है

- हादसे को लेकर जहां कुछ एक्सपर्ट पायलट की गलती का दावा कर रहे हैं, वहीं AAIB के पूर्व डायरेक्टर रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन अरबिंदो हांडा कहते हैं कि ज्यादातर मामलों में विमान दुर्घटना जांच की शुरुआती और अंतिम रिपोर्ट अलग-अलग होती है।
- NDTV प्रॉफिट से बात करते हुए हांडा ने कहा- अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच AAIB के लिए बहुत मुश्किल होगी, क्योंकि विमान का ज्यादातर हिस्सा जलकर खाक हो गया है और अंतिम रिपोर्ट आने में समय लग सकता है।
- जांच कर रही टीम को दुर्घटना के सटीक कारण या शायद संभावित कारण पर विचार-विमर्श करना होगा। अभी जो रिपोर्ट आई है उसमें सिर्फ 30 सेकेंड में हुई घटनाओं के तथ्य हैं। यह कोई फाइनल रिपोर्ट नहीं है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण - इंदौर समेत 15 शहर सुपर लीग में

**अहमदाबाद पहले, भोपाल दूसरे और लखनऊ तीसरे नंबर पर रह सकता है; आधिकारिक घोषणा जल्द**

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार देंगी। सर्वे कमेटी में शामिल सूत्रों का कहना है कि स्वच्छता में इस बार अहमदाबाद देश में नंबर-1 हो सकता है।

वहीं, भोपाल देशभर में दूसरा स्थान हासिल कर सकता है। पिछले साल 5वें स्थान पर था। लखनऊ के तीसरे पायदान पर आने के आसार हैं। जबकि पिछले साल 44वें नंबर था। हालांकि, अभी तक ऑफिशियल लिस्ट सामने नहीं आई है।

पिछले साल (2024) ही स्वच्छ सुपर लीग नाम की नई श्रेणी जोड़ी गई थी। इसमें दो साल से




टॉप-3 में आने वाले शहरों को लिया गया था, लेकिन एक दिन पहले ही इसमें बदलाव कर अवधि 3 साल कर दी गई। पिछली बार लीग में सिर्फ 12 शहर थे, अब 15 हो गए हैं।

इंदौर लगातार सात बार देश का नंबर-1 स्वच्छ शहर बन चुका है, लेकिन इस बार सूरत और नवी मुंबई के साथ रैंकिंग से बाहर रहेगा, क्योंकि स्वच्छता सुपर लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं की जाती।

लीग में वही शहर शामिल होते हैं, जो पिछले तीन वर्षों में टॉप-3 में रहे हैं। भले ही स्वच्छता में स्वच्छ सुपर लीग अलग श्रेणी बना दी गई है, लेकिन देश के सभी शहरों को सफाई व्यवस्था के आधार पर 12500 में से अंक दिए जाएंगे।

दरअसल, हर साल अलग-अलग कैटेगरी (50 हजार से ज्यादा और 10 लाख से अधिक आबादी) में टॉप करने वाले कुछ शहर लगातार टॉप-3 में बने हुए थे। इससे अन्य शहरों के लिए मुकाबले की जगह सीमित रह जाती थी।

### मध्य प्रदेश के 5 शहरों को भी अवॉर्ड मिलेगा, 3 शहर सुपरलीग में

भोपाल, देवास और शाहगंज प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड की दौड़ में हैं। जबलपुर को मिनिस्ट्रीयल कैटेगरी में और ग्वालियर को स्टेट लेवल अवॉर्ड के लिए आमंत्रण मिला है।

वहीं, इंदौर, उज्जैन और बुदनी सुपरलीग में है। उज्जैन सीएम मोहन यादव का गृह जिला है, जबकि बुदनी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का क्षेत्र रहा है।

### अमरनाथ यात्रा- काफिले की 3 बसें टकराईं, 10 घायल

**श्रीनगर.** अमरनाथ यात्रियों के काफिले की 3 बसों की रविवार को कुलगाम में आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकार ने बताया कि बालटाल की ओर जा रहे काफिले की तीन बसों की ताचलू क्रॉसिंग के पास एक्सीडेंट हुआ है।

इधर, अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.83 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी। इस बीच रविवार सुबह 7,049 यात्रियों का 12वां जत्था जम्मू से भगवती नगर बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। इसमें 1,423 महिलाएं, 31 बच्चे और 136 साधु-साध्वियां शामिल हैं। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

# अरुणाचल में रेप-छेड़छाड़ के आरोपी को भीड़ ने मार डाला

- थाने से बाहर लाकर मर्डर, इलाके में कर्फ्यू
- लड़कियों के पेट दर्द की शिकायत से खुलासा

**इंफाल.** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में 11 जुलाई को असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद रोइंग कस्बे में कर्फ्यू लगाया गया है। युवक पर हॉस्टल में रह रहीं नाबालिग लड़कियों के रेप और यौन शोषण का आरोप था।

पीड़ित परिवारों की शिकायत पर युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। जब बात इलाके में फैली तो सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने गई। युवक को बाहर घसीटकर लाई और पुलिसकर्मियों के सामने ही पीटा।

पुलिस गंभीर घायल आरोपी रियाज उल कुरीम को अस्पताल लेकर पहुंची। वहां दोबारा उसे पीटा गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। कुरीम बोंगाईगांव का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि आरोपी छात्रावास के पास एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था। आरोप है कि उसने छात्रावास में नाबालिग लड़कियों के साथ गलत काम किया। लड़कियों की तबीयत बिगड़ने पर मामले का खुलासा हुआ। 6-9 साल की 8 लड़कियों का मेडिकल कराया गया है।



# इगा स्वातेक बनीं विंबलडन विमेंस चैंपियन



- **अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया**

पोलैंड की इगा स्वातेक ने विंबलडन विमेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है. उन्होंने शनिवार को फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हरा दिया. दूसरी ओर मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी ने भी सीधे सेटों में खिताब जीत लिया.

एक पॉइंट भी नहीं ले सकीं अनिसिमोवा

वर्ल्ड नंबर-8 स्वातेक ने विंबलडन फाइनल में एकतरफा दबदबा दिखाया. स्वातेक के खिलाफ अमांडा 1 पॉइंट भी नहीं ले सकीं. स्वातेक ने 6-0, 6-0 के अंतर से फाइनल जीता. अनिमिसोवा ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराया था. इसके बावजूद वे फाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 प्लेयर को कोई टक्कर नहीं दे सकीं. स्वातेक ने सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक, क्वार्टर फाइनल में रूस की लुडमिला सैमसनोवा और राउंड ऑफ 16 में डेनमार्क की क्लारा टौसन को हराया. उन्होंने शुरुआती 3 राउंड के मुकाबले में भी आसानी से जीते थे.

### मेंस डबल्स में ब्रिटिश पेयर चैंपियन बनी

मेंस डबल्स में ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी चैंपियन बन गई. दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की गैरवरीय जोड़ी को हराया. ब्रिटिश पेयर को 6-2, 7-6 (7-3) के अंतर से जीत मिली.

# ओडिशा के कॉलेज में छात्रा ने आग लगाई

- HOD के सेक्शुअल हैरेसमेंट से परेशान थी
- आरोपी गिरफ्तार, प्रिंसिपल सस्पेंड

**बालेश्वर.** ओडिशा के बालेश्वर में बीएड सेकेंड ईयर की छात्रा ने खुद पर केरोसीन डालकर कॉलेज कैंपस में आग लगा ली। घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुई। छात्रा को बचाने के दौरान एक छात्र भी झुलसा है। छात्र और छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा की हालत नाजुक है।

पूरी घटना फकीर मोहन कॉलेज कैंपस में लगे CCTV में रिकॉर्ड हुई है। बीएड डिपार्टमेंट के एचओडी समीर कुमार साहू पर पीड़ित छात्रा समेत दूसरी छात्राओं के मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। कॉलेज प्रशासन से साहू की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेने पर छात्रा ने खुद को आग लगा ली।



### प्रिंसिपल बोले- छात्रा मिलने आई, फिर उसने आग लगा ली

घटना पर कॉलेज प्रिंसिपल दिलीप कुमार घोष ने कहा- 30 जून को मेरे पास एचओडी समीर कुमार साहू के खिलाफ शिकायत आई थी। कुछ छात्राओं ने बताया कि समीर कुमार साहू उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है।

एक लड़की ने यहां तक कहा था कि गार्डन के पास शिक्षक ने शारीरिक संबंध बनाने की मांग की थी। उसी दिन छात्रों ने घेराव किया था और पुलिस को बुलाया गया था।

प्रिंसिपल ने कहा कि छात्रों की मांग पर हमने इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी बनाई थी। इसमें सीनियर महिला टीचर, प्रतिनिधि और कुछ बाहरी सदस्य थे। कमेटी ने 7 दिन में रिपोर्ट दी थी। हालांकि कुछ छात्र तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

आज छात्रा मुझसे मिलने आई, मैंने 20 मिनट तक उसे समझाया, लेकिन वह कहने लगी कि अब और इंतजार नहीं कर सकती और यहां से चली गई। करीब 15-20 मिनट बाद पता चला कि उसने खुद को आग लगा ली है।

### एचओडी गिरफ्तार, प्रिंसिपल सस्पेंड

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एचओडी समीर कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया। ओडिशा सरकार ने इस मामले में कॉलेज प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रिंसिपल घोष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार के जारी आदेश में कहा गया है कि प्रिंसिपल घोष बिना अनुमति शहर नहीं छोड़ सकते हैं।

# अहमदाबाद में बिल्डर पर 6 राउंड फायरिंग

- 8 करोड़ का लेनदेन का था मामला
- पूर्व पार्टनर ने साथियों संग मिलकर चलाईं गोलियां

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में शुक्रवार की रात 8 करोड़ रुपये के लेन-देन को लेकर एक बिल्डर पर 6 राउंड फायरिंग कर दी गई थी। इनमें से दो गोलियां बिल्डर और एक राहगीर को लगी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है,जिसमें वारदात को अंजाम देने वाले तीनों शख्स नजर आ रहे हैं।

पुलिस जांच में पता चला है कि बिल्डर नासिर खान पर उसके ही पूर्व पार्टनर जहूरुद्दीन नागोरी और उसके दो साथियों ने हमला किया था। दोनों के बीच 8 करोड़ रुपए के लेनदेन का विवाद थाआरोपियों ने शोजिनबानू पर अंधाधुंध 6 राउंड फायरिंग की थी। सीने में दो गोलियां लगने से नासिर खान की हालात गंभीर बनी हुई है। पटवाशरी के पास हुई इस फायरिंग की घटना का सीसीटीवी सामने आया है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि 3 लोग फुटपाथ पर खड़े होकर किसी के आने इंतजार कर रहे हों। कुछ देर बाद पठानी-कुर्ता पहना एक व्यक्ति साइड की दीवार पर एक रॉड लेकर एक एक्टिवा सवार के पास आता है। इसी बीच एक व्यक्ति पीछे से आता है और सफेद शर्ट पहने दोपहिया वाहन पर सवार शख्स को पकड़ लेता है।

# पिता ने 3 मिनट में की टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या

- गुरुग्राम में घर की अलमारी से रिवॉल्वर लाया
- 4 गोलियां मारने के बाद ड्राइंग रूम में बैठा

**गुरुग्राम.** हरियाणा के गुरुग्राम में पिता दीपक यादव ने महज 3 मिनट में टेनिस प्लेयर बेटी राधिका यादव की 4 गोलियां मारकर हत्या कर दी। इसका खुलासा क्राइम सीन को रीक्रिएट करने और पूछताछ में आरोपी दीपक ने किया।

उसने बताया कि 10 जुलाई की सुबह बेटा धीरज घर से बाहर चला गया। घर पर मैं, बेटी राधिका और पत्नी मंजू ही थीं। राधिका किचन में खाना बना रही थी। मैं ड्राइंग रूम में गया। वहां शीशे वाली अलमारी से रिवॉल्वर निकाला। फिर सीधे किचन में आया।

राधिका उस वक्त खाना बना रही थी। राधिका की पीठ उसकी तरफ थी। मैंने सीधे राधिका पर



ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मुझे नहीं पता कि राधिका को कितनी गोलियां लगीं। शरीर के किस-किस हिस्से में लगीं। कितनी गोलियां चलाईं, यह भी मुझे नहीं पता।

गोलियां चलाने के बाद जब राधिका धड़ाम से किचन के फर्श पर गिरी तो मैं रिवॉल्वर लेकर ड्राइंग रूम में आ गया। मैं आराम से बैड पर बैठ गया। रिवॉल्वर भी मैंने वहीं रख दिया। इसमें सिर्फ तीन मिनट का वक्त लगा।

इसके बाद फायरिंग की आवाज सुनकर चाचा कुलदीप यादव दौड़ा हुआ आया। जिसके बाद वह तुरंत राधिका को अस्पताल ले गए। मगर, गोली से राधिका का दिल फट गया और आंतें भी छलनी हो गईं। जिस वजह से उसकी मौत हो चुकी थी।

आरोपी पिता को एक दिन के रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि कोर्ट में कहा कि रिवॉल्वर मिल गया है। आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। इसलिए रिमांड की जरूरत नहीं है।

### ताने वाले बयान पर कायम आरोपी पिता

गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक, राधिका की हत्या को लेकर इंस्टाग्राम रील से लेकर उसके वीडियो सॉन्ग जैसी कई थ्योरीज भले ही चल रही हों, लेकिन पिता दीपक बेटी की कमाई खाने के ताने और टेनिस की ट्रेनिंग बंद न किए जाने से नाराजगी के बयान पर कायम है। पिता ने पुलिस को कहा कि वह पिछले 15 दिन से काफी परेशान था। कहीं भी चलते हुए उसे लगता था कि अगर 2 आदमी भी बात करते दिखते हैं, तो वे उसके बारे में ही बात कर रहे हैं कि वह बेटी की कमाई खा रहा है। इसी वजह से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।

## संक्षेप...

### डोंबिवली में निकलेगी कांवड़ यात्रा

**डोंबिवली.** श्रावण मास के पावन अवसर पर पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी ॐ शिवसाई विश्वकर्मा सेवा संस्था (रजि.) डोंबिवली की तरफ से कांवड़िया पदयात्रा का आयोजन किया गया है. यह यात्रा 21 जुलाई 2025, सोमवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें कई हजारों शिवभक्त पवित्र जल लेकर पिंपलेश्वर महादेव मंदिर, डोंबिवली (पूर्व) से अंबरनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक पैदल यात्रा करेंगे.

# मुंबई में पानी की नो टेंशन, लबालब हुईं झीलें

- **75 प्रतिशत हुआ पानी का भंडार**

**मुंबई.** मुंबई को पेयजल आपूर्ति करने वाली झीलों का जलस्तर उनके जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के बाद बढ़ गया है. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर को पानी उपलब्ध कराने वाले सात जलाशयों का संयुक्त भंडार अब 75.16 प्रतिशत है. रविवार को सातों झीलों में कुल जल भंडार 1,087,865 मिलियन लीटर (एमएल) तक पहुँच गया.

जलाशयों में, ऊपरी वैतरणा का जलस्तर 601.80 मीटर दर्ज किया गया, जिसमें 172,022 एमएल का वास्तविक भंडारण है, जबकि मोदक सागर और तानसा में क्रमशः 128,925 एमएल और 116,653 एमएल जल भंडार है. मध्य वैतरणा में 179,675 एमएल जल भंडार है, और सबसे अधिक योगदान देने वाले भाटसा में 473,010 एमएल जल भंडार है. वेहर और तुलसी में क्रमशः 13,478 एमएल और 4,102 एमएल जल भंडार है.



उल्लेखनीय है कि ऊपरी वैतरणा, वैतरणा, तानसा और मध्य वैतरणा में कुल संग्रहण 597,275 मिली है, जिसमें कुल संग्रहण क्षमता का 85.99 प्रतिशत उपयोग किया जा चुका है. शहर में इस मौसम में भांडुप परिसर में कुल 730.00 मिमी वर्षा हुई है, जिसमें रिपोर्टिंग दिवस पर 18.00 मिमी वर्षा दर्ज की गई.झीलों से पानी छोड़ने और गेट खोलने का काम भी जारी है, जिसमें 5 जुलाई से शुरू हुआ ऊपरी वैतरणा का पानी छोड़ना और 7 जुलाई से शुरू हुआ मध्य वैतरणा का गेट खोलना शामिल है.

रविवार को, मुंबई और उसके उपनगरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और बीच-बीच में हल्की बारिश होने की संभावना है. समुद्र की स्थिति बदलती रहेगी, दोपहर 1.52 बजे 4.46 मीटर का उच्च ज्वार और शाम 7.57 बजे 1.58 मीटर का निम्न ज्वार आने की संभावना है. 14 जुलाई की सुबह 1.44 बजे 3.89 मीटर की एक और उच्च ज्वार की भविष्यवाणी की गई है, जिसके बाद सुबह 7.26 बजे 0.74 मीटर की निम्न ज्वार की भविष्यवाणी की गई है.

नागरिकों, विशेष रूप से तटीय क्षेत्र के निवासियों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है.

### हर कोच में अब लगेंगे सीसीटीवी

**मुंबई.** भारतीय रेलवे ने सभी पैसेंजर कोचों और इंजनों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है. यह कदम यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए उठाया गया है. खासकर मुंबई जैसे शहरों में, जहां रोज लाखों यात्री लोकल ट्रेनों में सफर करते हैं, वहां यह व्यवस्था और भी जरूरी हो जाती है. रेल मंत्रालय के मुताबिक, सभी 74,000 कोच और 15,000 इंजन में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. प्रत्येक कोच में 4 डोम टाइप कैमरे होंगे. दो दोनों प्रवेश द्वारों पर. वहीं, हर इंजन में 6 कैमरे होंगे, जिसमें आगे-पीछे और दोनों साइड में एक-एक कैमरा लगाया जाएगा।

# जल्द शुरू होगा नवी मुंबई एयरपोर्ट

- **मुख्यमंत्री फडणवीस ने समीक्षा कर बताई खासियत**

:ध्रुवराज नेटवर्क

नवी मुंबई. आगामी स्थानीय निकाय और म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार लोगों को बड़ा तोहफा दे सकती है। चुनाव से पहले नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को शुरू कर दिया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवी मुंबई एयरपोर्ट का निरीक्षण दौरा किया है। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से एयरपोर्ट के कामकाज की जानकारी ली है। उसके बाद सीएम फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर एयरपोर्ट की काम पर जानकारी दी है। सीएम फडणवीस ने कहा कि 30 सितंबर तक नवी मुंबई एयरपोर्ट के काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके लिए जल्द उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय लिया जाएगा।



मुख्यमंत्री और शिंदे नवी मुंबई में विमानतल की प्रगति की समीक्षा की। इसकी प्रगति के लिए प्रेजेंटेशन देखा। रनवे से टर्मिनल बिल्डिंग तक की प्रगति देखी। लगभग इसकी भौतिक प्रगति 94 % हो गया है। रनवे सुसज्जित है। टर्मिनल बिल्डिंग का काम पूरा हो गया है। इंटीरियर का काम चल रहा है। बाहर की छत का काम तेजी से चल रहा है। हमने सामान प्रबंधन प्रणाली देखी। यह एक बहुत अच्छी प्रणाली है। सामान का बारकोड 360 डिग्री से देखा जा सकता है और यह सही जगह पर जाएगा।

जब पूरा हवाई अड्डा तैयार होगा। इसके दो रनवे की क्षमता के साथ 9 करोड़ यात्रियों के लिए हवाई अड्डा सुसज्जित होगा। यह छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे से काफी बड़ा हवाई अड्डा होगा। यह एक हरित हवाई अड्डा है। इसमें हरित ऊर्जा का उपयोग किया जाएगा और वैकल्पिक ईंधन वाले वाहन होंगे।

#### विमानों में इस्तेमाल होगा ग्रीन फ्यूल

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमारी कोशिश है कि विमानों में इस्तेमाल होने वाला ग्रीन फ्यूल हो। इससे एक बड़ी कनेक्टिविटी भी तैयार की है। जल परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। शहर में ही सामान जांच की व्यवस्था करेंग। हम एअरपोर्ट के लिए अंडरग्राउंड मेट्रो बनाएंगे, जो एअरपोर्ट से जुड़ी होगी। इससे यात्रियों को पैदल चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी और न ही गाड़ी लेकर आने की जरूरत होगी।

# अहमदाबाद-मुंबई के बीच नहीं चलेगी जापानी बुलेट ट्रेन

- **रेल मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला**

ध्रुवराज नेटवर्क

मुंबई. देश की पहली अति महत्वाकांक्षी अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट) पर जापानी बुलेट ट्रेन के बजाय स्वदेशी तकनीक से निर्मित सेमी हाई स्पीड वंदे भारत को चलाया जाएगा। भारतीय रेल की यह पहली वंदे भारत ट्रेन होगी, जो 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इससे पहले दावा किया जा चुका है कि मुंबई-अहमदाबाद के बीच 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी।

रेलवे मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा (50 किलोमीटर) सेक्शन का कार्य अंतिम चरण में है और साल के अंत तक वंदे भारत का ट्रॉयल रन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद 2027 तक वंदे भारत (सिटिंग) ट्रेन से आम जनता सफर कर सकेगी। यहां आठ-आठ कोच की दो वंदे भारत चलेंगी। अधिकतम गति 280 है पर 250 की स्पीड से चलेगी।

क्या है वजह?

अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजना के समझौता होने पर जापान ने बुलेट ट्रेन की लागत 16 करोड़ रुपये प्रति कोच तय की थी, लेकिन पिछले साल जापान ने इसकी कीमत बढ़ाकर 3 गुना से ज्यादा कर दी। सप्लाई करने के समय जापान ने बुलेट ट्रेन के कोच की लागत बढ़ाकर प्रति कोच 50 करोड़ रुपये कर दी। इस प्रकार 16 कोच की एक बुलेट ट्रेन 800 करोड़ रुपये की हो गई।

#### कहां कितनी स्पीड से चलती है बुलेट ट्रेन



ट्रेनों की स्पीड के मामले में दुनिया के कई देश भारत से बहुत आगे हैं। इनमें सबसे आगे जापान है। जापान के बाद चीन और उसके बाद फ्रांस है। जापान में बुलेट ट्रेन की स्पीड 603 किलोमीटर प्रतिघंटा और चीन में इसकी रफ्तार 600 किलोमीटर प्रति घंटा है। फ्रांस इन दोनों से काफी पीछे है। यहां ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया में भी 305 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलती है। बता दें कि भारत में अहमदाबाद-मुंबई कॉरिडोर पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलाने का दावा किया जा चुका है।

# अवैध निर्माण से थमा भिवंडी शहर का विकास

- **भिवंडी में अवैध निर्माणों की बाढ़**
- **मनपा प्रशासन की लापरवाही उजागर**

वी. एस.

**भिवंडी.** भिवंडी में विगत 5 वर्षों से शहर में चहुँओर अवैध बिल्डिंगों का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है. अवैध बिल्डिंग निर्माण को लेकर मनपा प्रशासन आंखें मूंदे हुए है.जागरूक नागरिकों का आरोप है कि मनपा क्षेत्रीय वार्ड अधिकारियों की मिलीभगत से ही अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है.प्रशासक राज में जोरों से शुरू अवैध बिल्डिंग निर्माण की वजह से शहर का सर्वांगीण विकास भी पूर्णतया अवरुद्ध हो चुका है.





गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 1,2,3,4,5 की हद में सैकड़ों की संख्या में अवैध इमारतों का निर्माण भू-माफिया एवं बिल्डरों द्वारा मनपा अधिकारियों की जेब भरकर निर्बाध रूप से किया जा रहा है.अवैध निर्माण की वजह से मनपा की तिजोरी को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है.बिल्डर एवं भू- माफिया बगैर मनपा से परमिशन लिए ही आनन-फानन में घटिया मटेरियल से इमारत निर्माण करते हैं जिसका खामियाजा जानलेवा हादसे के रूप में लोगों को उठाना पड़ता है. आश्चर्यजनक तथ्य है कि क्षेत्र में जारी अवैध निर्माणों को देखकर भी मनपा क्षेत्रीय सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक,सर्वेयर सहित तमाम संबंधित अधिकारी, कर्मचारी आंखे बन्द कर अवैध निर्माण को बढ़ावा देते हुए अपनी जेब भरने में जुटे हैं.

#### न्यायालय के आदेश की भी उड़ रही धज्जियां

जागरूक नागरिकों का खुला आरोप है कि,शहर विकास अधिकारी अरविंद घुघरे अवकाश के दिन भी मनपा वाहन लेकर अवैध निर्माण कर्ताओं से वसूली करते देखे जाते हैं. भ्रष्टाचार का आलम यह है कि, जनप्रतिनिधियों, बिल्डरों के दबाव की वजह से अवैध निर्माण पर तोड़क कार्यवाही नही की जा रही है. मनपा क्षेत्रीय सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक न्यायालय के आदेश के भी अवहेलना करते हुए अवैध निर्मित इमारतों पर तोड़क कार्यवाही न करने के लिए पैसा लेकर चुप्पी साध लेते हैं.

#### अवैध निर्माणकर्ताओं पर होगी कड़क कार्रवाई

वैध निर्माण शहर विकास में पूर्णतया बाधक हैं .नागरिक अवैध निर्मित इमारतों में फ्लैट, दुकान की खरीदी कदापि न करें . प्रशासक के निर्देशानुसार अवैध निर्माण की समुचित जांच कर तोड़क कार्रवाई जारी है . अवैध बिल्डिंग निर्माण में संलिप्त क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी पर नियमों के अनुरूप सख्त कार्यवाही होगी .

-विक्रम दराडे
उपायुक्त, अतिक्रमण विभाग भिवंडी मनपा

#### रहिवासी क्षेत्र में चहुँओर जारी अवैध निर्माण

भिवंडी मनपा अंतर्गत क्षेत्र में 5 प्रभाग समितियों का समावेश है. मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 1-5 अंतर्गत सभी क्षेत्रों में मनपा नियम-कानून की धज्जियां उड़ाते हुए क्षेत्रीय अधिकारियों, बीट निरीक्षक की मिलीभगत से बिल्डर अवैध रूप से इमारतों को निर्माण किए जाने में जुटे हैं.

भिवंडी में 4-5 मंजिला इमारत तैयार होने में ज्यादा समय नहीं लगता है. जागरूक नागरिकों की शिकायत पर काफी दबाव के बाद क्षेत्रीय सहायक आयुक्त अपना गला बचाने के लिए बिल्डर को संरक्षण देते हुए नोटिस व एमआरटीपी पुलिस में दर्ज कराते हुए तोडू कार्रवाई से पल्ला झाड़ लेता है. क्षेत्रीय वार्ड अधिकारी अवैध निर्माण को रोकने की बजाय संरक्षण देकर अपनी जेब भर रहे हैं.

# शास्त्रीनगर में अनाधिकृत गाला और चाल का निर्माण कार्य जोरों पर

- **पूर्व नगरसेवक हनुमंत जगदाले ने लगाया आरोप**

**ठाणे.** शास्त्रीनगर में ठाणे मनपा के आरक्षित खाली भूखंडों पर भू-माफिया अनाधिकृत दुकान और चालें बनाकर कब्जा कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इन अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और भूखंड खाली करने का आदेश दिया था। इसी विभाग के स्थानीय पूर्व नगरसेवक और पूर्व विपक्षी दल के नेता हनुमंत जगदाले ने उपमुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखाने के लिए मनपा के अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों की कड़ी आलोचना की है। जगदाले ने चेतावनी दी है कि अगर अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो प्रभाग समिति के खिलाफ फिर से धरना देंगे।ठाणे मनपा के शास्त्रीनगर में खाली भूखंड हैं। पिछले कई वर्षों से इन भूखंडों पर भू-माफियाओं की नज़र है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि अतिक्रमण रोकने के लिए इन भूखंडों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। इन भूखंडों पर वरिष्ठ नागरिकों के आवास, स्वास्थ्य केंद्र, डीपी रोड बनाने की योजना है। कार्य आदेश भी जारी किए जा चुके हैं।मनपा के अधिकारियों के आशीर्वाद से अनधिकृत निर्माण कार्य चल रहा था, इसलिए नवंबर 2024 में जगदाले के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने लोकमान्य नगर-सावरकर नगर प्रभाग समिति में विरोध प्रदर्शन किया। अतिक्रमण के संबंध में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिकायत की गई थी। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने मनपा प्रशासन को फ़ोन पर बेदखली की कार्रवाई करने का आदेश दिया था। अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त शंकर पटोले और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया गया है, जिससे भू-माफियाओं को खुली छूट मिल गई है।शास्त्रीनगर में इन सभी खाली भूखंडों पर अनधिकृत घर और चाल बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। साथ ही, बड़े नाले के किनारे चालों के निर्माण से भविष्य में बड़ी दुर्घटना होने का डर है। इन अनधिकृत निर्माणों पर तुरंत कार्रवाई करें और भू-माफियाओं के खिलाफ एमओसीसीए के तहत कार्रवाई करें, अन्यथा स्थानीय लोग प्रभाग समिति और मनपा मुख्यालय पर मोर्चा निकालेंगे, ऐसी चेतावनी हनमंत जगदाले ने दी है।इस विषय पर यशोभूमि संवाददाता पूछताछ के लिए उपायुक्त पाटोले को मोबाइल फोन करने पर रिसीव नही किया।



# सैफ के बाद करीना पर भी हुआ था हमला

- **रोनित रॉय ने बताया - घटना के बाद वो डर गई थीं**



एक्टर सैफ अली खान पर हुए चाकू से हमले की घटना ने सबको चौंका दिया था. इस घटना के बाद सैफ की सुरक्षा की जिम्मेदारी रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी को सौंपी गई. हाल ही में रोनित ने बताया कि सैफ के बाद करीना पर भी छोटा सा हमला हुआ था.

रोनित ने हिंदी रश से बात करते हुए कहा, 'सैफ अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद घर लौट रहे थे. वहां काफी भीड़ और मीडिया मौजूद थी. जब करीना भी अस्पताल से घर लौट रही थीं, तब उनकी कार पर हल्का हमला हुआ. इससे वो डर गईं.'

रोनित ने बताया, 'मीडिया मौजूद था, तो भीड़ ज्यादा पास आ गई थी. उनकी कार थोड़ी हिल गई. तब करीना ने मुझसे कहा कि सैफ को घर लाने के लिए मैं जाऊं. फिर मैं गया और उन्हें घर लाया. तब तक हमारी सुरक्षा टीम तैनात हो चुकी थी और पुलिस का भी सहयोग मिला. अब सब ठीक है.'

#### सैफ के घर में बेसिक सुरक्षा इंतजाम नहीं थे

रोनित ने ये भी कहा, 'जब मैंने करीना से बात की और सैफ के अस्पताल में रहने के दौरान घर की सुरक्षा जांचने गया, तो मैंने कुछ बेसिक से सुझाव दिए, लेकिन वे चीजें वहां मौजूद नहीं थीं. ऐसा क्यों था, इसका कोई कारण नहीं है, लेकिन वे होनी चाहिए थीं. ये सामान्य सुरक्षा उपाय हैं, जो हर घर में होने चाहिए. इसलिए मैंने उन्हें तुरंत लागू कराया.'

रोनित ने आगे कहा, 'ऐसा नहीं कि वो इंतजाम थे ही नहीं, लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था क्योंकि कोई ऐसी घटना की उम्मीद नहीं करता और जब उम्मीद नहीं होती, तभी ऐसा कुछ हो जाता है. सुरक्षा का यही मतलब है, जो हो सकता है, उसकी कल्पना करके तैयारी करना.'

# स्व-पुनर्विकास नीति पूरे महाराष्ट्र में लागू की जाएगी - प्रवीण दरेकर

**ठाणे.** आत्मनिर्भिकिता का एहसास दिलाने वाली स्व-पुनर्विकास नीति आने वाले समय में पूरे महाराष्ट्र में लागू की जाएगी। स्व-पुनर्विकास समिति के अध्यक्ष विधायक प्रवीण दरेकर ने एम. एच स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वह मुंबई-ठाणे क्षेत्र मे एसआरए योजना के अंतर्गत आने वाली इमारतों सहित सरकारी भूमि पर स्थित इमारतों के स्व-पुनर्विकास के लिए सरकार से सिफारिश करेंगे। इस अवसर पर विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, ठाणे जिला आवास महासंघ के अध्यक्ष सीताराम राणे, नवी मुंबई महासंघ के अध्यक्ष सतीश निकम, जिला उप-पंजीयक डॉ. किशोर मांडे, वास्तुकार सचिन साल्वी, मकरंद तोरास्कर, इंजीनियर रविशंकर शिंदे, ठाणे जिला सहकारी बैंक के योगेश पाटिल आदि के साथ-साथ बड़ी संख्या में नागरिक और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।इस अवसर पर बोलते हुए, दरेकर ने कहा कि जब कोई आंदोलन एक आंदोलन के रूप में खड़ा होता है, तो उसका महत्व सरकार के दरबार में आता है और सरकार उस पर कदम उठाती है। स्व-पुनर्विकास में मिल रही सफलता का सारा श्रेय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जाता है।कार्यशाला का परिचय देते हुए, ठाणे जिला आवास संघ के अध्यक्ष सीताराम राणे ने भवनों और आवास परिसरों के पुनर्विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और स्व-पुनर्विकास के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही रियायतों के बारे में बताया। इस दौरान, विधायक संजय केलकर और विधायक निरंजन डावखरे ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आवासीय सोसाइटियों के लाभ के लिए ऐसी कार्यशालाएँ आवश्यक हैं।






## ड्राइवर चाहिए

NTG Logistics Pvt. Ltd. कंपनी में EICHER 6 व्हील के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है।

लाइसेंस : वैध हैवी ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए।
अनुभवी, भरोसेमंद, और जिम्मेदार ड्राइवर को प्राथमिकता दी जाएगी। मुंबई से कोल्हापुर चलना है डेली
वेतन : मासिक वेतन 25,000 और 300 भत्ता

संपर्क करें : 9201271717 , 8982611731

# श्रीकृष्ण मित्र मंडल सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल का पाटपूजन समारोह संपन्न



**मुंबई.** चांदिवली विधानसभा क्षेत्र में प्रसिद्ध और सबसे ऊंची श्री गणेश मूर्ति की स्थापना करने वाले श्रीकृष्ण मित्र मंडल सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल द्वारा पारंपरिक पाटपूजन समारोह उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ सूचना का अधिकार (RTI) कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष चंद्रकांत माने, उपाध्यक्ष विश्वनाथ पडवळ, रियाज वज़ीर चांद मुल्ला, रत्नाकर शेट्टी, सुभाष गायकवाड़ और डेरियन कोटियन उपस्थित रहे।

मंडल की ओर से बताया गया कि इस वर्ष भी गणेशोत्सव भव्यता और धार्मिक माहौल के साथ मनाया जाएगाऔर श्री गणेश की प्रतिमा पहले से भी अधिक आकर्षक और ऊची होगी।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
उल्हास वि NEWS
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe


Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099